दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### तमनार के हमीरपुर में जन समस्या निवारण शिविर 29 अगस्त को

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रायगढ़ जिले में ग्रामीणजनों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में 29 अगस्त को विकासखण्ड तमनार के ग्राम-हमीरपुर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा।

### जिले में 867.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 28 अगस्त तक 867.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 11.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1066.5 मिली मीटर, पुसौर में 929.6, खरसिया में 825, घरघोड़ा में 882.4, तमनार में 811.6, लैलूंगा में 752.4, मुकडेगा में 805.6, धरमजयगढ़ में 760.6 छाल में 896.3 एवं कापू में 943 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### प्लेसमेंट कैम्प 30 अगस्त को

**रायगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 30 अगस्त 2024 को प्रात: 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र में रिक्त 41 पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं बॉयोडाटा के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार मे.गोयल हुन्डाई जिंदल रोड भगवानपुर, रायगढ़ में सेल्स कंसल्टेंट के 5 पद, टीम लीडर सेल्स के 2 पद, फ्लोर इंचार्ज के 1 पद, सर्विस एडवाईजर के 2 पद एवं वाशिंग इंचार्ज के 1 पद रिक्त है। इसी तरह मे.एच.एस.एम.ग्लोबल पब्लिक एच.आर.सेकेण्डरी स्कूल रायगढ़ में एडमिशन मैनेजर के 3 पद एवं मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव के 2 पद तथा मे.मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड, रायपुर में रिलेशनशिप ऑफिसर के लिए कुल 25 पद रिक्त है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### ईडीएम पद के लिए स्पीड पोस्ट से 30 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर कार्यालय जिला सारंगढ़ बिलाईगढ के ई-गवर्नेंस समिति में ईडीएम (ई-जिला तकनीकी प्रबंधक : ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर) की नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता धारण करने वाले अभ्यर्थियों से स्पीड पोस्ट के माध्यम से 30 अगस्त 2024 को शाम 5 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिले की वेबसाइट सारंगढ़ बिलाईगढ़ डॉट सीजी डॉट जीओवी डॉट इन तथा कलेक्टर कार्यालय सारंगढ़ के सूचना पटल से अवलोकन किया जा सकता है।

### 29 अगस्त को होगा आयुष्मान पंजीयन शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले में 29 अगस्त से आगामी एक माह तक निशुल्क आयुष्मान पंजीयन महाअभियान शिविर आयोजित किया जाएगा। 29 अगस्त को बिलाईगढ़ ब्लॉक के पुरगांव, सिहारजोर घरजरा, टाटा, धौराभाठा अ, बडे नवापारा में निशुल्क आयुष्मान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार सारंगढ़ ब्लॉक में खम्हारडीह, खैरहा सारंगढ़, कलमी,कपरतुंगा, खरवानी बडे , गन्तुली छोटे, दानसरा, सारंगढ़, गाताडीह, छिन्द, लेन्ध्रा, सारंगढ़, कोसीर में और बरमकेला ब्लॉक में लेन्ध्रा, कोतरा, सांकरा, संडा, विश्वासपुर, बोंदा, झाल, बुदबुदा, बरमकेला तथा देवगांव में निशुल्क आयुष्मान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# राष्ट्रीय पोषण माह : 1 से 30 सितम्बर तक होगा आयोजित

- तीज त्योहारों को पोषण और स्वास्थ्य गतिविधियों से जोड़ते हुए गतिविधियां होंगी आयोजित
- 9 से 17 सितम्बर तक होगा वजन त्यौहार, स्कूल एवं कालेजों में भी होगा पोषण संकल्प का वाचन
- पोषण माह के दौरान जन-जागरुकता के लिए दैनिक गतिविधियों का कैलेंडर किया गया तैयार

**रायगढ़**



कुपोषण एवं एनीमिया में कमी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत 1 से 30 सितम्बर 2024 तक जिले में पोषण माह का आयोजन होने जा रहा है। पोषण अभियान के तहत महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर की बेहतरी के उद्देश्य से सितंबर माह को राष्ट्रीय पोषण माह के रूप में मनाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य जिले के कुपोषित बच्चों को चिन्हित और उनकी मानिटरिंग करना है तथा जन आंदोलन और जनभागीदारी से कुपोषण को मिटाना है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग एल.आर. कच्छप ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण माह के दौरान जन-जागरूकता के लिए दैनिक गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया गया है। प्रथम सप्ताह में एनीमिया जांच एवं इसके लिए विभिन्न विकासखण्डों में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर कैम्प का आयोजन होगा। साथ ही तीज त्योहारों को पोषण और स्वास्थ्य गतिविधियों से जोड़ते हुए गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। महिलाओं में पोषण के विषय पर मेहंदी रचाओं प्रतियोगिता के माध्यम से पोषण के प्रचार-प्रसार का कार्य किया जाएगा। इसी तरह सार्वजनिक गणेश उत्सव में फ्लैक्स, पोस्टर बैनर के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम को बढ़ावा दिया जाएगा। 'पोषण सभी के लिए' थीम पर कार्यकर्ता, सहायिका की रील/मीम प्रतियोगिता का भी आयोजन होगा। लो-कास्ट-हाई कैलोरी थीम पर व्यंजन प्रतियोगिता एवं स्थानीय भाजी प्रदर्शनी का आयोजन सेक्टर स्तर पर होगा। पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर जिला एवं परियोजना स्तर पर कार्यशाला का आयोजन तथा स्तनपान के महत्व की थीम पर शिशुवती माताओं के लिए सेक्टर एवं केन्द्र स्तर पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन माह के चतुर्थ सप्ताह में किया जाएगा। पोषण पंचायत को सक्रिय करते हुए प्रत्येक विकासखण्ड में एक-एक सुपोषित पंचायत को चिन्हांकित किया जाएगा जहां सबसे कम कुपोषण है। इस अभियान में जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर साइकिल एवं बाईक रैली का आयोजन होगा।

**9 से 17 सितम्बर तक होगा वजन त्यौहार-** पोषण माह के द्वितीय सप्ताह में 9 से 17 सितम्बर तक जिले में वजन त्यौहार का आयोजन होगा। इसमें प्रत्येक सेक्टर के किसी एक पंचायत के सभी केन्द्रों में किसी एक दिन शत-प्रतिशत बच्चों को केन्द्र में लाकर उनकी वजन व ऊंचाई का मापन किया जाएगा।

**स्कूल एवं कालेजों में होगा पोषण संकल्प का वाचन-** पोषण माह के दौरान स्कूल एवं कालेजों को जोड़ते हुए जिले के प्रमुख कॉलेज, हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं हाईस्कूल में परिचर्चा, कार्यशाला, व्यंजन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रदर्शन, बीएमआई सत्र इत्यादि का आयोजन किया जाएगा।

**पोषण माह हेतु दैनिक गतिविधियों के लिए कैलेण्डर जारी-** राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ सहयोगी विभाग एवं संस्था के माध्यम से 1 से 30 सितम्बर विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। जिसमें 1 सितम्बर को राज्य स्तर पर पोषण माह का शुभारंभ होगा। इसी तरह 2 सितम्बर को जिला अस्पताल सहित स्वास्थ्य केन्द्रों में किशोर बालक-बालिकाओं, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए एनीमिया स्वास्थ्य जांच कैम्प का आयोजन किया जाएगा। 3 सितम्बर को वीएचएसएनडी में पोषण एवं स्वास्थ्य विषय पर चर्चा, महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों को उनको मिलने वाली सहायता राशि का उपयोग उनके स्वास्थ्य एवं पोषण में किए जाने पर चर्चा होगी। 4 सितम्बर को एनीमिया कैम्प, 5 एनीमिया पर वेबीनार का आयोजन, 6 सितम्बर को वृद्धि अनुश्रवण पर नारा लेखन, 7 सितम्बर को वृद्धि मापन पर वेबीनार, 8 सितम्बर को वृद्धि मापन पर सेक्टर स्तरीय गतिविधि का आयोजन होगा। इसी तरह 9 सितम्बर से 16 सितम्बर तक वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण के तहत आंगनबाड़ी स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी।

17 सितम्बर को वृद्धि मापन एवं अनुश्रवण स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा, 18 सितम्बर को आंगनबाड़ी/ स्कूल स्तर पर स्कूल शिक्षा विभाग के समन्वय से किशोरी बालिकाओं के साथ पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता तथा स्व-सहायता समूह के सहयोग से स्थानीय पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 19 सितम्बर को पूरक आहार जागरूकता गतिविधियां आयोजित होगी। 20 सितम्बर को स्थानीय खाद्य पदार्थो के संबंध में प्रदर्शनी/जनजागरूकता का आयोजन, 21 सितम्बर को स्तनपान का महत्व, 22 सितम्बर को पर्यावरण सुरक्षा आधारित कार्यक्रम, 23 सितम्बर को आंगनबाड़ी/ स्कूल स्तर पर खेल-खेल में पोषण ज्ञान प्राप्त करने संबंधी गतिविधि, 34 सितम्बर को खेल आधारित शिक्षा पर परवरिश के चैम्पियन कार्यक्रम पर पालक सत्र का आयोजन, 25 सितम्बर को पोषण ट्रेकर एप का प्रभावी क्रियान्वयन, 26 सितम्बर को खेल भी पढ़ाई भी विषय पर राज्य स्तरीय वेबीनार, 27 सितम्बर को जल संरक्षण विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम, 28 सितम्बर को वेस्ट वॉटर का उचित निपटान, 29 सितम्बर को पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर राज्य स्तरीय वेबीनार तथा 30 सितम्बर को जन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन होगा।

# दरवाजा खटखटाने के मामूली विवाद पर धारदार हथियार से युवक पर हमला

- कोतवाली पुलिस ने आर्म्स एक्ट और सुसंगत धाराओं पर की कार्यवाई

**रायगढ़**




सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के रामभांठा रोड़ पुराना बस डिपो राजाबाड़ा में हुए मारपीट मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी प्रिय कुमार अग्रवाल (उम्र 53 वर्ष) को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर 27 अगस्त 2024 की रात अपने पड़ोसी गौरव सिंह (27 वर्ष) पर तलवार से हमला करने का आरोप है।

घटना की शिकायत गौरव सिंह ने सिटी कोतवाली थाने में दर्ज कराई, जिसमें उसने बताया कि वह रात्रि करीब 08.30 बजे अपने पड़ोसी भगत जी के घर दरवाजा खटखटाने गया था। इस दौरान प्रिय कुमार अग्रवाल ने उसके दरवाजा को खटखटा रहे हो कहकर गाली-गलौज करते हुए उस पर तलवार से हमला किया, जिससे गौरव के पेट में गंभीर चोटें आईं। थाना कोतवाली में आरोपी पर अपराध क्रमांक 507/2024 धारा 296, 351(2), 115(2) BNS पंजीकृत किया गया।

डॉक्टर द्वारा घायल की चोट को धारदार वस्तु से चोट बताते हुए यूएसजी और एक्सरे कराने की सलाह दी गई। पुलिस ने इस आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 118(1) बीएनएस और आर्म्स एक्ट की धाराएं 25, 27 बढ़ाते हुए जांच विवेचना किया और तत्काल टीआई कोतवाली सुखनंदन पटेल व हमरहा स्टाफ द्वारा आरोपी प्रिय कुमार अग्रवाल के घर दबिश देकर आरोपित को हिरासत में लिया गया। आरोपित ने पुलिस के सामने अपराध स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त तलवार को बरामद कराया। आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में प्रधान आरक्षक प्रकाश तिवारी व हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

# जीवन रक्षा के लिए हेलमेट पहने, सुरक्षित रहें... हेलमेट वितरण कार्यक्रम में एसपी दिव्यांग पटेल ने सड़क सुरक्षा हेतु लोगों को किया जागरूक

- सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर में कमी लाने और हेलमेट के प्रति जागरुकता बढ़ाने रायगढ़ पुलिस का जारी है "हेलमेट वितरण" अभियान

**रायगढ़**



जिला पुलिस रायगढ़ द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर को कम करने और हेलमेट के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत, मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही के बाद नियम तोड़ने वालों को निशुल्क हेलमेट वितरित किए जा रहे हैं। इस पहल का लक्ष्य पांच हजार से अधिक व्यक्तियों को हेलमेट प्रदान करना है, जो लगातार जारी है।

रायगढ़-पूंजीपथरा मार्ग के उर्दना पुलिस लाइन के समीप, एसपी दिव्यांग पटेल ने यातायात पुलिस और समाजसेवियों के साथ मिलकर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों को निशुल्क हेलमेट का वितरण किया। एसपी पटेल ने इस अवसर पर नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं की सुरक्षा और परिवार की जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें।

उन्होंने यह भी बताया कि मॉडिफाई साइलेंसर और निर्धारित मापदंड के अनुरूप नंबर प्लेट ना लगे वाहनों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें चालानी और वाहन जप्ती कार्रवाई की जाएगी। इस हेलमेट वितरण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के साथ डीएसपी ट्रैफिक रमेश चंद्रा, समाजसेवी सुनील लेन्ध्रा, मनोज अग्रवाल और अन्य मौजूद गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया और हेलमेट का वितरण किया गया।

समाजसेवियों और स्वयंसेवी संस्थाओं के सदस्यों और मौजूद नागरिकों ने पुलिस के इस अभियान की सराहना की, जो सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और लोगों को सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करने के लिए उठाया गया है।

# मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था पर बैठक आयोजित : संस्थानों की सुरक्षा बढ़ाने लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**रायगढ़**



पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ में जिले के मेडिकल कॉलेज, शासकीय अस्पताल और नर्सिंग कॉलेजों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडिशनल एसपी आकाश मरकाम और एसडीएम प्रवीण तिवारी ने की जिसमें मेडिकल कॉलेज के डीन, सीएमएचओ, अस्पताल अधीक्षक, चिकित्सक और नर्सिंग कॉलेज प्रमुख शामिल थे।

बैठक में डॉक्टरों द्वारा सुरक्षा और आपातकालीन स्थितियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। इनमें इमरजेंसी केसों में मेडिकल स्टाफ पर दबाव, अस्पताल परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था, एंबुलेंस के लिए ट्रैफिक क्लीयरेंस, मेडिकल कॉलेज से टैक्सी/ऑटो किराया फिक्स किया जाना जैसे मुद्दे शामिल थे। एडिशनल एसपी और एसडीएम ने इन सुझावों को प्राथमिकता के साथ लागू करने का आश्वासन दिया।

**सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने संस्थान प्रमुखों से इन बिन्दुओं पर उचित कार्यवाही करने निर्णय लिए गए :-**

1. सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, और छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा गार्ड तैनात करने।
2. संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करने।
3. CHC और PHC में सुरक्षा गार्ड की तैनाती के लिए जीवनदीप समिति द्वारा प्रस्ताव तैयार करने।
4. महाविद्यालय और छात्रावास के विद्यार्थियों की अनुशासन बनाए रखने और अनावश्यक रूप से देर रात तक बाहर जाने पर नियंत्रण करने।
5. आपातकालीन स्थिति में डायल-112 का उपयोग करने और संबंधित थाना प्रभारी का मोबाइल नंबर उपलब्ध रखने।
6. नशे की हालत में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर तत्काल पुलिस को सूचित करने।
7. सत्यापित सुरक्षागार्ड एजेंसी से ही निजी सुरक्षा गार्ड लिया जावे तथा उनका पुलिस सत्यापन कराकर अनिवार्य रूप से करावें।8. मेडिकल कॉलेज आसपास आवश्यक रूप से पुलिस पेट्रोलिंग किया जावें।
9. चिकित्सा कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्य से संस्थान आने वाले व्यक्तियों की पूरी जानकारी रखी जावें।

इस बैठक के जरिए जिले के मेडिकल कालेज, अस्पतालों की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। बैठक में एडिशनल एसपी रायगढ़ आकाश मरकाम, एसडीएम रायगढ़ प्रवीण तिवारी, डीएसपी हेड क्वाटर अखिलेश कौशिक, डीएसपी उत्तम प्रताप सिंह, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. पी.एम. लुका, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. एम.के. मिंज, सीएमएचओ डॉ. बीके चंद्रवंशी, सिविल सर्जन डॉ. उषा किरण भगत(केजीएच), सुषमा रोजर लाल (इमरजेंसी डिर्पाटमेंट इंर्चाज केजीएच ), डॉ. काकोली पटनायक (UPHC रामभांठा) डॉ. रंजना पैकरा (डीपीएम), डॉ. भानु प्रताप पटेल, (डीआईओ) डॉ. प्रभु दत्ता बस्तिया, डॉ. इशिता त्रिवेदी, डॉ. राखी अग्रवाल डॉ. शोभित माने, डॉ. सी. डेनियल (नोडल अफिसर), डॉ. प्रदीप कुमार पटेल, करियर कॉलेज के प्राचार्य श्यामलाल श्रीवास, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, मां मंगला नर्सिंग कॉलेज की सहायक प्रध्यापक अंजू नायक तथा कॉलेज स्टाफ कविता प्रधान उपस्थित थे।

# कोतरारोड पुलिस की शराब रेड कार्यवाई: शराब तस्करी में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार, देशी अंग्रेजी शराब और बाइक जब्त

**रायगढ़**



जिले में शराब तस्करी के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस ने कोतरारोड़ थाना क्षेत्र के कलमीडीपा लाइन पारा मेन रोड के पास घेराबंदी कर दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गोपीराम साहू (32 वर्ष) निवासी डुगरपाली, थाना भूपदेवपुर, और नागेश्वर साहू (25 वर्ष) निवासी सकर्रा, थाना मालखरौदा, जिला सक्ती के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 12 पाव देशी प्लेन मदिरा, 04 पाव जम्मू अंग्रेजी शराब, 04 नग 650 ML शिम्बा बियर, 08 पाव गोल्डन गोवा अंग्रेजी शराब (कुल 28 पाव शराब/बियर-रु.3,000) और शराब परिवहन में प्रयुक्त एक काले रंग की बजाज पल्सर मोटरसाइकिल (क्रमांक CG 13 AP 7959) जप्त की, जिसकी कुल कीमत 1,10,000 रुपये आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें रिमांड पर भेज दिया है। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक करूणेश राय और आरक्षक चन्देश पाण्डेय शामिल थे।

# चक्रधर समारोह आयोजन के लिए रामलीला मैदान में तैयारियां शुरू

- अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने अन्य अधिकारियों के के साथ चक्रधर समारोह-2024 के आयोजन की तैयारियों के संबंध में रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, एसडीएम प्रवीण तिवारी भी इस दौरान साथ रहे।

अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने इस दौरान रामलीला मैदान के लेबलिंग करने के निर्देश नगर निगम और लोक निर्माण विभाग को दिए। मंच की तैयारियों के साथ पंडाल और उसमें बैठक व्यवस्था को लेकर चर्चा कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल में प्रवेश, ग्रीन रूम की तैयारी के लिए आवश्यक व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कार्यक्रम स्थल के आस पास पार्किंग तैयार करने और सुरक्षा व्यव्स्था के लिए बैरिकेडिंग इत्यादि के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई।

इस दौरान ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप, खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह, खनिज अधिकारी राजेश माल्वे, तहसीलदार शिव कुमार डनसेना, एसडीओ ईएंडएम मुकेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राशनकार्ड निर्माण में सरपंच हस्ताक्षर नहीं करे तो उसके खिलाफ करें कार्यवाही : कलेक्टर

- कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

**सारंगढ बिलाईगढ़**



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के प्रगतिरत कार्यों, मांग, शिकायत आदि से जुड़ें आवेदनों की समीक्षा समय सीमा की बैठक में किया। कलेक्टर ने तीनों बीईओ, सीईओ, फूड ऑफिसर सहित अन्य अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि विधिवत और शीघ्र कार्य करें। फूड ऑफिसर को वसूली मामलो में कुर्की और एफआईआर करने के निर्देश दिए, वहीं सीईओ को कहा कि यदि राशनकार्ड निर्माण में सरपंच पंचायत की ओर से किसी प्रकार का साइन नही करता तो उसके खिलाफ विधिवत कार्यवाही करे।

कलेक्टर ने सभी लंबित आवेदनों का क्रमवार निराकरण की स्थिति, निराकरण करने में अधिकारियों को आ रही समस्या के बारे में चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रदेश में आधार पंजीयन एवं अपटेड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, पीएम विश्वकर्मा पंजीयन कार्य में सभी विभाग मिलकर प्रगति लाएं। कलेक्टर साहू ने सभी सीईओ को निर्देश दिए कि एक ही परिवार में यदि कोई एक अलग रहता है तो नियम अनुसार राशन कार्ड बनाना है। खाद बीज, आयुष्मान, ई केवायसी, पीएम आवास, भूअर्जन, पीडीएस राशन दुकानों से वसूली, जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में परियोजना निदेशक पंचायत हरिशंकर चौहान, संयुक्त कलेक्टर एस.के. टंडन, एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, अनिकेत साहू, डिप्टी कलेक्टर डॉ. वर्षा बंसल, सीएमएचओ डॉ. एफ.आर. निराला, कार्यपालन अभियंता विद्युत नरेन्द्र नायक, प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास बृजेन्द्र ठाकुर, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, खनि अधिकारी एच.डी. भारद्वाज, सहायक आयुक्त आदिवासी आशीष बनर्जी सहित तहसीलदारगण, सीईओ, सीएमओ, विभिन्न विभागों के एसडीओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480